राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 09 मई। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा तथा प्रदेश संगठन चुनाव हेतु नियुक्त पीआरओ श्री संजय निरूपम ने आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर कांग्रेस संगठन चुनाव हेतु अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा राजस्थान के प्रत्येक जिले के लिये नियुक्त डीआरओ एवं जिला कांग्रेस कमेटियों के वर्तमान/निवर्तमान जिलाध्यक्षों की बैठक ली। बैठक में एपीआरओ श्री अमित कुमार टुन्ना एवं श्री राजेन्द्र सिंह कुम्पावत भी उपस्थित रहे।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के चुनावों का चरणबद्ध कार्यक्रम घोषित हो चुका है जिसके तहत् बूथ कमेटियां, ब्लॉक कांग्रेस कमेटियां तथा जिला कांग्रेस कमेटियों के चुनाव हेतु बैठक में उपस्थित सभी जिलों के डीआरओ को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा एवं पीआरओ श्री संजय निरूपम ने कांग्रेस संविधान एवं नियमावली के तहत् चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न कराने हेतु निर्देश प्रदान किये तथा प्रत्येक जिले में डीआरओ द्वारा जिले की सभी कमेटियों के चुनाव सम्पन्न करवाने हेतु निर्धारित कार्यक्रम की समीक्षा की। बैठक में उपस्थित जिला कांग्रेस कमेटियों के वर्तमान/निवर्तमान अध्यक्षों को डीआरओ के कार्यक्रम अनुसार जिले में निवासरत सभी वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं सदस्यों की बैठक बुलाने हेतु निर्देशित किया गया तथा संगठन चुनाव हेतु दायित्वों के निर्वहन के लिये मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter